केस स्टडी- 1 (अगस्त-2023)

जारी तिथि : 08.08.2023

घटनाक्रम:- दि. 30.07.23 को, ECR के DDU मण्डल में गाड़ी संख्या 13152 DN, लोको न. 30742, WAP-7/HWH, लोड:- 21 LHB, BPC100%, सेक्शन : भभुआ रोड (BBU) स्टेशन। गाड़ी संख्या 13554 DN, PF-3 पर 7.05 बजे से खड़ी थी तथा PF-4 पर पहले से 20 BCN 29.07.23 से स्टेबल थी। गाड़ी संख्या 13152 DN को भभुआ रोड (BBU) स्टेशन का डिसटेंट सिग्नल दो पीला, इनर डिसटेंट सिग्नल एक पीला तथा होम सिग्नल (S-18) लाल दिया गया था, क्योंकि गाड़ी का भभुआ रोड (BBU) स्टेशन में हॉल्ट था व DN लाइन का कोई भी प्लेटफॉर्म खाली नहीं था। गाड़ी संख्या 13152 DN के कर्मीदल ने भभुआ रोड (BBU) स्टेशन का रिवर्स लाइन होम सिग्नल (S-18) को लगभग 108 Kmph गति से ऑन स्थिति में पास करके स्टेशन की ओर चला आ रहा था। SM/BBU के वाकी-टाकी पर बार बार आवाज़ लगाने पर की "गाड़ी संख्या 13152 DN के LP साहब आप होम सिग्नल (S-18) को लाल स्थिति में पार कर गए हो गाड़ी को तुरंत रोकें। परंतु कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर SM/BBU ने खंड नियंत्रक को जानकारी देकर OHE ट्रिप करवाकर गाड़ी को रोकी गई। गाड़ी होम से लगभग 1207 मिटर आगे जाकर खड़ी हुई। (समय : 07.07 बजे).

संभावित कारण :-

- कर्मीदल शायद भूल गया कि इनर डिसटेंट सिग्नल को एक पीला संकेत के साथ पार करके आया है तथा होम सिग्नल (S-18) के लाल संकेत को कॉल आउट करने तथा देखने में भी विफल रहा।
- मुसलधार बारिश के कारण दृश्यता कम थी, लेकिन गाड़ी की गति को LP ने सिग्नल के संकेतानुसार कम नहीं किया।
- LP, लोको कैब में बारिश के पानी का रिसाव के कारण अपने बैग से तौलिया निकालने तथा ALP सेंडर्स कार्य न करने की सूचना TLC को देने में व्यस्त थे।



उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर अगला **सिग्नल लाल ही होगा, यह मानकर गाड़ी को कंट्रोल करें**। रोड लर्निंग सही तरीके से लें व अपनी लाइन के **सिग्नलो के लोकेशन** के प्रति हमेशा जागरूक व सतर्क रहें।
- ✓ सिगनलो को ऊँची आवाज़ में व उचित प्रकार से कॉल आउट करें व **सिगनलो के संकेतो का कड़ाई से पालन करें**।
- ✓ सहायक लोको पायलट सिग्नल संकेतो को कॉल आउट करते समय लोको पायलट द्वारा भी **सिग्नल संकेतो की पुनरावृति हो रही है या नहीं – यह सुनिश्चित करें**।
- ✓ यदि किसी **कारणवश दृश्यता खराब** है तो LP को गाड़ी की गति अपने **विवेकानुसार प्रतिबंधित गति** से चलानी चाहिए ताकि किसी भी अवरोध या लाल सिग्नल के पहले गाड़ी को रोका जा सके।
- ✓ **स्टेशन, सिग्नल या लाल सिग्नल** के समीप पहुँचते समय कर्मीदल को **किसी भी अन्य गतिविधि में व्यस्त** नहीं रहना चाहिए।
- ✓ एक पीला सिग्नल पार करते समय सहायक लोको पायलट अपना **हाथ RS पर रखें** व हर 10-15 सेकंड में सिग्नल के संकेत को ज़ोर से दोहराएँ एवं स्पीड अधिक होने पर लोको पायलट को गति कम करने के लिए सावधान करें। सहायक लोको पायलट खतरे की किसी भी अवस्था में **RS बेझिझक खोलें**।



(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.), नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।